

# पिंकरटन के लिए पेंगविन का बच्चा

स्टीवन केलॉग

हिंदी: नीला त्रिवेदी







# पिंकरटन के लिए पेंगविन का बच्चा

स्टीवन केलॉग

हिंदी: नीला त्रिवेदी






A
B
EMPEROR PENGUIN WITH CHICK
EMPEROR PENGUIN IN ANTARCTICA
THE PERFECT PARENT


नमस्ते माँ। नमस्ते दादी कैसे हो पिंकरटन और रोज़? पता है आज हमने विद्यालय में पेंगुइन के अंडो के बारे में सीखा। क्या आप को पता है अंटार्कटिक में सम्राट पिता पेंगुइन अपने अंडो को अपने पैरो के पंजो मे संभाल के रखते हैं।




वह नौ हफ़्तो के लिये ठंड बरदाश्त करेंगे, भूखे रहेंगे क्योंकि उन्हे पता है कि अगर अंडा फिसल के बर्फीली जमीन को छुएगा तो अंदर बच्चे की तो कुल्फी जम जायेगी।

और जब अंत में अंडे फूट कर जो नन्हे पक्षी निकलते हैं वे दुनिया में सब से सुंदर होते हैं।


उन के माता पिता उन की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। जब तक वे अपने आप दौडना-भागना नहीं सीख जाते तब तक उन्हें ठंड से बचा के रखते हैं।



पेंगुइन के माता पिता विजेता जैसे होते हैं। लेकिन मैं शर्त लगाती हूँ कि हर प्राणी की यह जरूरत होती है, कि उसका एक बच्चा हो, जिसका वह ध्यान रखे, उसे प्यार करे। अभी तो मुझे लगता है कि रोज़ एक बिल्ली के बच्चे को अपनाने का स्वप्न देख रही है।




माँ ने पिंकरटन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह पुराने फुटबॉल को अपने पैरों पे संभाल के बैठा है जैसे कि वह उस का अंडा हो।



हमारी अध्यापिका ने हमें बताया कि कभी-कभी अकेलापन महसूर करने वाला जानवर किसी और जानवर को गोद ले कर उसकी देखभाल करता है। एक बार एक गोरिल्ला ने एक बिल्ली के बच्चे को गोद लिया था। हो सकता है पिंकरटन, रोज़ को गोद ले कर उसकी देखभाल करे।



मुझे लगता है रोज़ को यह खयाल अच्छा नहीं लगा!



कोई बात नहीं पिंकरटन, मैं तुम्हे और तुम्हारे अंडे को एक कहानी सुनाती हूँ।




दादी, एमिली से कहती हैं कि देखो बेचारे पिंकरटन के सोने का समय हो गया है लेकिन वह अभी भी बड़े धैर्य से अपने अंडे को फूटने का इंतजार कर रहा है।




पिंकरटन, दादी कहती हैं कि तुम अपने आप को सम्राट पेंगुइन समझने लगे हो और मुझे लगता है वे सही कह रही है।



मैं तुम्हे और तुम्हारे फुटबॉल को कल स्कूल ले जाऊंगी।



अध्यापिका बोली, "सुनो बच्चो आज एक बहुत ही रोचक मेहमान हमारे साथ हैं। ऐसा लगता है कि एमिली का कुत्ता हमारी पेंगुइन इकाई से बहुत प्रभावित है। उसे लगता है उसका फुटबॉल एक अंडा है। बिली, आप के पास इस महमान के लिए कोई सवाल है?




बिली ने कहा, "बिल्कुल है! मैं जानना चाहता हूँ, इस के पास मेरा फुटबॉल कहाँ से आया? मेरे बाड़े में यह कही खो गया था।"




अध्यापिका ने समझाया "अरे बिली, पिंकरटन को यह नहीं पता था कि यह फुटबॉल तुम्हारा है। लेकिन अब उसे लगता है कि वह उसका अंडा है।"

"पिंकरटन अपने आप को सम्राट पेंगुइन समझने लगा है
और चाहे बर्फीला तूफ़ान आये या भूखमरी जैसे हालात हो,
एक सम्राट पेंगुइन अपने अंडे का परित्याग नहीं करता।"




बिली बोला, "अरे मेरे शेर, तुम भूख से पौड़ित हो। लो यह बिस्कुट खा लो।"






एक पेंगुइन पिता के किरदार में पिंकरटन बिलकुल नाकाम हैं।




एमिली ने समझाते हुए कहा, "पिकरटन दुःखी मत हो। बिली का फुटबॉल कोई सच्चा अंडा नहीं है। चलो मैं तुम्हे उद्यान में ले चलती हूँ। शायद वहाँ जाने से तुम खुश हो जाओ।




अरे बाप रे! यहाँ तो फुटबॉल का खेल चल रहा है।




पिकरटन वापस आओ!



अपने कुत्ते को मैदान से बाहर ले जाओ!




पुलिस, पुलिस, इस जानवर को हिरासत में ले लो।




एमिली रोकते हुए कहती है, "रुकिए, आप समझ नहीं रहे हैं।
पिंकरटन को लगा यह सब एक पेंगुइन के अंडे को लात मार रहे हैं।"




उदघोषक ने घोषणा की, "भाइयो और बहनो, एक बड़ा कुत्ता खेल के मैदान में घुस आया है। उसने गेंद को अपने कब्जे में लिया और भागा जा रहा है।"







माँ दादी, मदद करो। पिंकरटन ने स्टेडियम से गेंद चुराली और अब एक कुत्ते के कार्यक्रम का सत्यनाश करने जा रहा है। पोलिस उस के पीछे पड़ी है।




माँ ने एमिली को ढाढस दी, "तुम घबराओ नहीं। हम वहाँ अभी पहुच जायेंगे।"




एमिली ने बताया "पिंकरटन गायब हो गया है।
वह हमेशा के लिये भाग गया है।”

माँ ने कहा, "मेरे साथ आओ। शायद मुझे पता है
हमारा पिंकरटन पेंगुइन पिता कहाँ मिलेगा।"




हाँ देखो वह रहा! बर्फ पर अपने अंडे को संभाले हुए। उसे लगता है वह अंटार्कटिक में है।"




दादी बोली, "सुनो पिंकरटन, मैं तुम्हारे लिये एक अप्रतियाशित भेट लाई हूं। मैं इसी पर काम कर कर रही थी। यह अंडा बस फूटने ही वाला है।"




एमिली बोली, "दादी ये पिंकरटन का चूज़ा है या एक पेंगुइन का पिल्ला?"



दादी ने समझाया, "यह एक बेबी पिंकविन है - तुम्हारे और पिंकरटन के लिये। तुम दोनो इसकी प्यार से देखभला करना ।"





चलो पिंकरटन अपने बच्चे को घर ले जायें जहाँ इसे ठंड नहीं लगेगी और यह सुरक्षित रहेगा।

शुभ रात्री पिंकरटन!

